ई–मेल द्वारा प्रेषित

प्रेषकः

प्राचार्य,
रानी धर्म कुँवर राजकीय महाविद्यालय,
दल्लावाला–खानपुर (हरिद्वार)

सेवा में,

संयुक्त निदेशक,
उच्च शिक्षा निदेशालय, उत्तराखण्ड
क्षेत्रीय कार्यालय,
दून विश्वविद्यालय परिसर फैकल्टी लॉज,
देहरादून।

पत्रांकः 68 /2023–24 दिनाँकः 20 मई, 2023

विषयः नशा मुक्त उत्तराखण्ड एवं ड्रग फ्री देव भूमि अभियान के तहत महाविद्यालय द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

निवेदन यह है कि महाविद्यालय द्वारा दिनांक 17 मई, 2023 को नशा मुक्त अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली गई। छात्र–छात्राओं द्वारा इस रैली के माध्यम से ग्राम दल्लावाला के स्थानीय व्यक्तियों को यह बताया गया कि आज की युवा पीढी दिन–प्रतिदिन नशे के चंगुल में फंसती जा रही है। इसलिए युवा पीढी को इसके चुंगल से बचने, मुक्त होने और अन्य लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करके उन्हें नशे से बचाने की आवश्यकता है। जागरूकता रैली में यह भी बताया गया कि जागरूकता के अभाव के कारण समाज में नशे की आदत अधिक तीव्र गति से बढ़ रही है। इसलिए सभी को मिल–जुल कर नशे के विरूद्ध कृतसंकल्प होने की आवश्यकता है। महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं ने स्वयं तैयार की गई प्रेरक नारों से लिखी तख्तियों के माध्यम से ग्रामीणों को नशा मुक्ति के लिए प्रेरित किया। छात्र–छात्राओं एवं ग्रामवासियों को सम्बोधित करते हुए प्रभारी प्राचार्य डॉ0 निबेदिता प्रियदर्शनी ने कहा कि हमारा समाज तभी पूर्ण रूप से सभ्य समाज माना जायेगा जब तक समाज नशा मुक्त नही हो सकेगा। इस दृष्टि से समाज के अन्य लोगों को भी इस जागरूकता अभियान में सहभागिता करनी होगी जिससे भावी पीढ़ी के भविष्य को सुरक्षित किया जा सके। जागरूकता रैली में डॉ0 धनंजय शर्मा, डॉ0 नीतू बलूनी, और डॉ0 प्रविता देवी उपस्थित रहे।

जय हिन्द जय भारत !

संलग्नक–जागरूकता रैली की छायाप्रति

भवदीय,

20.05.2023

प्रो0 (कुलदीप सिंह नेगी)
प्राचार्य,
प्राचार्य
रानी धर्म कुँवर राजकीय महाविद्यालय
दल्लावाला, खानपुर (हरिद्वार)

डॉ0 (संतोष कुमार सिंह)
नोडल अधिकारी
एन्टी ड्रग सैल
कार्यक्रम संयोजक
रानी धर्म कुँवर राजकीय महाविद्यालय
दल्लावाला, खानपुर (हरिद्वार)







प्राचार्य
रानी धर्म कुँवर राजकीय महाविद्यालय
दल्लावाला, खानपुर (हरिद्वार)

प्राचार्य
रानी धर्म कुँवर राजकीय महाविद्
दल्लावाला, खानपुर (हरिद्वार)